# मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, लगी लंबी कतार

## कई जगहों पर हुआ भंडारे का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रामनवमी के दिन बुधवार को पूजन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ी पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में राम भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में की विशेष- पूजा अर्चना की। श्रद्धालु सुबह से ही हनुमान मंदिर मेन रोड़, तपोवन मंदिर, हिनू हनुमान मंदिर मंदिर, काली मंदिर चर्च रोड़, दुर्गा मंदिर रातू रोड़ सहित राजधानी के अन्य मंदिरों में पहुंचने लगे थे।

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। प्रातः काल मंदिर खुलने के बाद रामनवमी के शुभ अवसर पर श्याम मंदिर को सजाया गया था।

**श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी में रामनवमी महोत्सव की धूम** : श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी में रामनवमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा विशेष तरह से सजाया गया।

पंडित ज्ञानदेव मिश्रा एवं पंडित सीताराम के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा की गई एवं प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के समय श्री राम जी की स्तुति की गई और प्रभु की आरती उतारी गई। श्री दुर्गा जागरण मंडली एवं स्त्री सत्संग सभा के द्वारा भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रयागराज से पधारे इंडियन आइडल फेम कुमार विश्वास ने भजनों का कार्यक्रम पेश किया और अपने भजनों द्वारा भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।







**राम भक्तों के लिए भंडारा** : रामनवमी के शुभ अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में राम भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई में वृहद भंडारा बनाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के निर्देशन अनुसार एवं देखरेख में आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था। 11000 से ज्यादा राम भक्तों ने प्रसाद का ग्रहण किया।

**श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने आयोजित किया भंडारा** : रामनवमी के मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के द्वारा 145वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में विशेष प्रसाद का वितरण किया गया। इसका संचालन श्री कृष्ण महिला समिति के सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।





### श्री राधा कृष्ण मंदिर की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन

मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सांसद संजय सेठ विधायक सी पी सिंह एवं राज्यसभा सांसद महुआ मांझी एवं वार्ड नंबर 31 के पूर्व पार्षद अशोक यादव ने भी प्रभु के चरणों में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र तलेजा, चन्द्रभान तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, नंदकिशोर अरोड़ा, केसर पपनेजा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा अरुण जसूजा किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा विकास घई नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश सिडाना विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा सुनील कटारिया, सुशील गेरा, अनिल मुंजाल, उमंग मनुजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा अनिल वाधवा, कौशल्या, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी, शकुंतला, ज्योति आदि थे।

## रविस्टील चौक में रामनवमी शोभायात्रा में शामिल अखाड़ेधारियों को तलवार देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रविस्टील चौक में रामनवमी पर शोभायात्रा और उसके अखाड़ेधारियों का भव्य स्वागत किया गया। नव जागृति युवा क्लब, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में सभी अखाड़ेधारियों का स्वागत तलवार, भगवा गमछा भेंटकर किया गया। रविस्टील में झीरी, चटकपुर, फ्रेंड्स क्लब, कमड़े, सूर्या नगर, आनंद नगर, विवेकानंद कॉलोनी सहित कई जगहों से निकलकर शोभायात्रा पहुंची। स्वागत मंच के पास अखाड़ेधारियों ने अस्त्र-शस्त्र का शानदार प्रदर्शन किया।

मौके पर अरविंद तिर्की, सुनील प्रसाद साहु, अरविंद कुमार झा, संजय पाठक (बाबा), मुकेश वर्मा, प्रमोद कुमार, अशोक प्रसाद, महेन्द्र दांगी, प्रभात सिंह, नरेश महतो, भरत प्रसाद, सच्चिदानंद शर्मा, कृष्णा साव, प्रदीप गुप्ता, दिलीप सिंह, निलम सहाय, कृष्णा सिंह, अमित प्रसाद, सुखराम मुंडा, सुखदेव मुंडा, सूरज कुमार हिरो, सुरेश बैठा, अशोक साहु, विजय चौरसिया, बिरेन्द्र सिंह, रविन्द्र विश्वकर्मा, बबलु कुमार, बंधु उरांव, महादेव उरांव, कृष्णा महतो, संतोष साहु, संजय सिंह थे।

## बैंक कालोनी में पशुपतिनाथ मंदिर का भूमि पूजन

**रांची।** रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार को बैंक कालोनी चिरौंदी में पशुपतिनाथ मंदिर का भूमिपूजन समारोह हुआ। भूमि पूजन समारोह में मुख्य जजमान की भूमिका कॉलोनी के वरिष्ठ सदस्य मोहनजी दुबे ने निभाई। पहाड़ी मंदिर के पुजारी अभय पांडेय ने पूजा करायी। पशुपतिनाथ मंदिर का निर्माण पशुपतिनाथ मंदिर न्यास समिति, चिरौंदी की ओर से किया जा रहा है। इस अवसर पर मोहनजी दुबे ने बताया कि बहुत जल्द मंदिर का निर्माण शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलोनी निवासी डा. कमल कुमार बोस ने की।

## भगवान श्रीराम के मधुर नाम से गूंज उठा मोराबादी मैदान




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्रीराम नवमी के अवसर पर इस्कॉन रांची द्वारा मोराबादी मैदान में भव्य नगर संकीर्तन निकाला गया। इस नगर संकीर्तन में इस्कॉन के भक्तों ने झूमते नाचते भगवान राम के नाम का कीर्तन किया और साथ ही रामायण और भगवद्गीता का वितरण किया। इस्कॉन रांची के प्रबंधक श्रीमान मधुसूदन मुकुंद दास ने सभी रांची वासियों को रामनवमी की मंगल बधाई दी और साथ ही सभी रांची वासियों की मंगल कामना के लिए भगवान श्री रामचंद्र से प्रार्थना की।

## रातू रोड में अखाड़ाधारियों का हुआ स्वागत



**रांची।** रातू रोड में कब्रिस्तान के समीप बुधवार को सेवा शिविर लगाया गया। पूर्व पार्षद सुनीता देवी के नेतृत्व में लगे शिविर के माध्यम से शोभायात्रा में शामिल अखाड़ाधारियों और रामभक्तों का माला पहना कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के बीच शीतल जल और चना का वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में सुनीता श्रीवास्तव, सुनैना भदानी, रजनी, पिहू, मुस्कान, मनोज सिंह, जितेंद्र पहलवान, धर्मेंद्र, अदिति,ऋषिका, मिष्टी कुमारी, आदित्य, प्रत्यूष, ऋषण, निखिल, मानस, कृष्णकांत गुप्ता, यश कुमार थे।

## अंजुमन अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर




**रांची।** मेन रोड अन्जुमन प्लाजा स्थित अन्जुमन अस्पताल प्रबंधन समिति के तरफ से स्वागत सह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़े से आये रामभक्तों का शिविर में पेयजल एवं नींबू पानी दिया गया। अन्जुमन इस्लामिया के अध्यक्ष एवं मो. असलम, अनवर आलम ने सभी अखाड़ेधारियों का स्वागत किया एवं शिविर में करतब दिखाने के दौरान घायल रामभक्तों का प्राथमिक उपचार किया गया। शिविर में मोख्तार अहमद, अनवर आलम, नदीम इकबाल, मो. असलम, जफर खान, मो. खालिक, शहजाद खान, अकबर कुरैशी, कलीम खान, शाहिद खान, आरजू आलम, हारून रसीद, सुफियान कुरैशी, रज्जाक अंसारी, मो. शाहिद गुड्डू, मो. इमरोज मौजूद थे।

## खबर एक नजर में











## श्री सनातन महापंचायत ने निकाली शोभा यात्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत ने मुख्य शोभा यात्रा 251 राम पताका के पारंपरिक पूजा अर्चना करने के बाद निकाला। यह शोभा यात्रा बाजरा पंडरा पिस्का मोड सहित विभिन्न अखाड़ों से आये हजारों राम भक्त के साथ ढोल ताशे एवं अस्त्र.शास्त्र करतब दिखाते हुये पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से निकली।

सनातन महापंचायत के मुख्य शोभायात्रा ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में निकली। इसमें मुख्य रूप से आशा लकड़ा, संजय सेठ, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, संजय कुमार जायसवाल, दीपक ओझा माजूद थे। श्री सनातन महापंचायत ने सभी सेवा शिविर को भी सम्मानित किया। मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा, संजय कुमार जायसवाल, संजय मिनोचा, कृपा शंकर सिंह, मुकेश पाण्डेय, अमित चौधरी, डॉ अनिल राम, शशांक राज, मेहुल प्रसाद, संजय महतो, चंदन प्रजापति, शुभम जायसवाल, राजेश प्रसाद, बब्बन बैठा, मंतोष सिंह, युवराज पासवान, सत्यजित सिंह, संजीत सिंह, दीपू राम, चंदन प्रजापति, नवीन सिंह पॉली, मुकुल कुमार रिंकू साहु, तरुण जायसवाल, रौनक चौधरी सहित सैकड़ों राम भक्त जुलूस में शामिल थे।

## बड़ा तालाब से निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बुधवार को श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्ग से होते हुये तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किया । शोभायात्रा में मुख्यरूप से श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन राम उपस्थित थे। श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने श्री रामनवमी मोहत्सव के उपलक्ष्य में निकली गई शोभायात्रा शान्तिपूर्व एवं सफल सम्पन्न कराने में सभी क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता एवं अखाड़ाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री मिश्रा ने बताया कि लाखों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुये। महाबली हनुमान के भक्तों को श्री रामनवमी मोहत्सव के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत शिविर लगाने वाले सर्व धर्म के लोगो एवं सामाजिक संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रातू रोड न्यू मार्केट दुकानदार संघ ने लगाया शिविर

**रांची।** रातू रोड नयू मार्केट दुकानदार संघ की ओर से बुधवार को श्रीरामनवमी के मौके पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया। रातू रोड चौराहे पर आयोजित इस शिविर में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तजनों के बीच पुड़ी तथा आलु-चना की सब्जी बांटी गयी। संघ के अध्यक्ष प्रेम सिंह ने श्रीरामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं दीं। वहीं विनोद चौरसिया ने कहा कि श्री राम भगवान ने तमाम विपरीत परिस्थितियों में मर्यादा में रहकर सम्पूर्ण जीव जंतुओं का कल्याण किया। सेवा शिविर में धर्मेंद्र कुमार सिंह, इंद्र राज आनंद, गोलू, छोटू, नवल प्रसाद, राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## विद्यापति स्मारक समिति ने लगाया सेवा शिविर



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के तत्वावधान में रामनवमी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कचहरी चौक में आयोजित इस शिविर में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तजनों में चना, गुड़ और शर्बत वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने श्रीरामनवमी महापर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन हमें जनकल्याण के लिए दया, प्रेम, करुणा व त्याग जैसे गुणों को अपनाकर संकट के क्षणों में संयम और धैर्य धारण करने तथा सदैव सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस सेवा शिविर में बी के झा, अमरेंद्र मोहन झा, श्रेष्ठ नारायण झा, बच्चा राम झा, श्रीराम मिश्र, संतोष झा, दिलीप झा, रंजीत लाल दास, संजीव ठाकुर, रविकांत झा, शंकर झा, कृतेश झा, बाना मुंडा, दीपक जायसवाल, दिनेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम ने रामनवमी शोभायात्रा में रामभक्तों का बढ़ाया उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने बुधवार को रामनवमी के मौके पर राजधानी रांची के युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति, चंद्र शेखर आजाद रामनवमी पूजा समिति, नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति, श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक चुटिया, रांची क्लब कर्मचारी संगठन एवं अन्य विभिन्न संगठन के मंचों पर पहुंचकर रामनवमी जुलूस में शामिल हुए और राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया। वहीं दूसरी ओर उपकार क्लब चुटिया के मंच से विभिन्न अखाड़ों की झाकियों का स्वागत किया और चना शर्बत भी बांटा। इस मौके पर उन्होंने प्रभु श्री राम के नारों से बुलंद आवाज में जयकारा लगाया एवं राम भक्तों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। मौके पर युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर सिंह चंदेल, श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक के अध्यक्ष कृष्णा सहाय,संजीव महतो एवं नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

## रांची में रामनवमी झांकी : श्री महावीर शृंगार समिति ने जीता प्रथम पुरस्कार

**रांची।** रामनवमी के अवसर पर निकाली गईं झांकियों में श्री महाबीर श्रृंगार समिति ने प्रथम पुरस्कार जीता। अपर बाजार के कार्ट रोड से श्री महावीर श्रृंगार समिति द्वारा निकाली गई झांकी सबसे पहले मेन रोड पहुंची, जिसके लिए उन्हें यह प्रथम पुरस्कार श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कोषाअध्यक्ष संजय सिंह द्वारा दी गई। यह पुरस्कार श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के स्वर्गीय दशरथ सिंह की स्मृति में दी जाती है। महाबीर श्रृंगार समिति के मुख्य संरक्षक सांसद संजय सेठ और रमेश सिंह हैं। वहीं अध्यक्ष चंदन चौधरी और उपाध्यक्ष सौरभ चौधरी हैं।

## रांची में पकड़ाया 50 लाख का गांजा, दो धराये

**पुलिस तमाड़ के पास डोडा चूर्ण बेचने वाले की कर रही तलाश**

**रांची।** रांची पुलिस ने ओड़िसा से पंजाब ले जा रहे एक ट्रक से 50 लाख मूल्य का गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा बरामदगी के दौरान पौने चार लाख का डोडा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक ड्राइवर चरणजीत सिंह और इटावा उत्तरप्रदेश का विपन को गिरफ्तार किया गया है। चरणजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अक्सर ओड़िशा से लौह अयस्क लेकर रांची-जमशेदपुर होकर पंजाब जाते हैं। दो तीन बार ऐसा काम कर चुके हैं। जब वह माल लेकर पंजाब जा रहा था, तो पंजाब से ही उसे फोन आया कि ओड़िशा से गांजा और रांची के तमाड़ इलाके से डोडा का चूर्ण लोडकर ले आना है। कमीशन और अधिक पैसे के लालच में उसका सामान उधर से लोड कर लिया। पुलिस तमाड़ के पास डोडा चूर्ण बेचने वाले की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# रामनवमी पर तमाड़ में निकला भव्य झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को रामनवमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। तमाड़ के मोदीडीह हनुमान मंदिर समिति, महावीर मंदिर चौक समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जन-सैलाब उमड़ पड़ा। रामनवमी के मौके पर सनातन धर्म के लोग मंदिरों से लेकर घरों तक तैयारी में लगे रहे। सभी ग्रामवासी अपने अपने घरो के बाहर या छत के ऊपर झंडे लगाये। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र स्थित विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। इस मौके पर होने वाले ध्वजारोहण को लेकर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते दिखाई दिये। तमाड़ के प्रसिद्ध मोदीडीह हनुमान मंदिर समिति,महावीर मंदिर चौक समिति सहित विभिन्न मंदिरों मे विशेष तैयारियां की गयी थी। शोभा यात्रा मोदीडीह से तमाड़ मेन रोड होते हुए काली मंदिर होते हुए नीचे मोहल्ला के शिव मंडप होते हुए अस्पताल सड़क रोड से मुस्लिम मोहल्ला होते हुए पुनः मोदीडीह चौक पर समाप्त हुआ. वही महावीर मंदिर चौक समिति का शोभायात्रा के शोभायात्रा में भव्य डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आये। इनका शोभायात्रा चांदनी चौक होते हुए मुख्य सड़को से होते हुए तमाड़ स्टेंड से नीचे मोहल्ला से होकर पुनः चांदनी चौक पर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में कमेटी के सदस्यों के अलावा तमाड़ के हजारों राम भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राम भक्त तरह तरह के अस्त्र-शस्त्र से करतब दिखाते नजर आये. चारो और जय जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शोभायात्रा में प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इन्तेजाम किया गया था। चप्पे चप्पे पर फोर्स की तैनाती की गयी थी। वही तमाड़ थाना की पूरी टीम द्वारा सुरक्षा को लेकर सतर्क दिखे।

# पिठोरिया क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से मना



**पिठोरिया।** पिठोरिया 17 अप्रैल- पिठोरिया क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार की शाम अस्त्र-शस्त्र से लैस महिलाओं का जुलूस निकाला। जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया। रात में अष्टमी की झांकी निकाली गई। झांकी के साथ जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया, जिसका समापन दुर्गा मंदिर परिसर में हुआ। वहीं बुधवार को झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया और अखाड़ा निमंत्रण हेतु मोटरसाइकिल का जुलूस निकल गया। 18 अप्रैल को झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया है। महावीर मंडल पिठोरिया के द्वारा प्रतियोगिता में अखाड़ाधारियों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। दूसरी ओर पिठोरिया दुर्गा मंदिर में बुधवार को नवमी पूजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दुर्गा पूजा समिति के द्वारा गुरुवार को मंदिर परिसर में मेला का आयोजन किया गया है।

## एक नजर में

### रामनवमी का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया



**मांडर/चान्हो।** प्रखंड में भगवान राम के जन्मोत्सव के अवसर पर मानने वाला पर्व रामनवमी का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया। आज सुबह से ही मंदिरों में लोगो की भीड़ देखी गई। अधिकान्स लोग गेरुवा वस्त्र धारण कर राम उत्सव में लीन थे। इस अवसर पर चान्हो के सोन्स, चान्हो, हुटार, चोरेया, लेपशर साहित अन्य स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग सभी गांव से अखाड़ा धारी अपने अखाड़ा और ध्वज के साथ मेला में शामिल हुए और अपना खेल का प्रदर्शन किया। प्रखंड के कई स्थानों से भगवान श्री राम की झांकी भी निकाली गई। वहीं दूसरी ओर मांडर प्रखंड में भी रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। खुखरा सेल, मुड़मा, सोंसई आश्रम सहित कई स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सहित मेले का भी आयोजन किया गया। साथही अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ाधारियों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। आज सुबह से ही क्षेत्र के लगभग सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी थी। मान्यता है कि चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु ने भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। प्रभु राम राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर अवतरित हुए थे। इसलिए देशभर में अधिक उत्साह के साथ चैत्र माह में राम नवमी मनाई जाती है। अखाड़ाधारीयों के लिए जगह-जगह पर चना, गुड़ एवं शरबत का उत्तम प्रबंध किया गया था।

# महावीर मंडल बलौरा को मिला प्रथम पुरष्कार



**सिकिदिरी।** रामनवमी का पर्व बुधवार को सिकिदिरी क्षेत्र में परंपरागत तरीके और आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामनवमी मेला समिति सहेदा मोड़ की ओर से मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेले में16 गांवों का रामनवमी जुलूस अपने-अपने महावीर मंडल के पदाधिकारियों के नेतृत्व में रंग-बिरंगी झंडे और आकर्षक झांकियों के साथ पहुंचे थे। अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल बलौरा को, दूसरा पुरस्कार महावीर मंडल छोटकी गोड़ाग को और तृतीय पुरस्कार महावीर मंडल डटमा को दिया गया। जबकि, झांकी में प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल भुसूर को, दूसरा पुरस्कार महावीर मंडल जशपुर को और तृतीय पुरस्कार डटमा महावीर मंडल के राजेंद्र महतो को दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पंसस अनिल महतो, मुरलीधर राम गंझू, विनोद रजवार व सोमनाथ बेदिया उपस्थित थे। संचालन शिवधर रजवार ने किया। मेले की सफल आयोजन में अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, मुख्य संरक्षक श्रवण कुमार मुंडा, संरक्षक मुखिया राजेंद्र बेदिया, नीलमोहन पाहन, संयोजक फारुक खान, रथुवा मुंडा, सचिव नंदलाल राम, महावीर भोगता, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, मनी मुंडा, श्रीनाथ महतो, जयनंदन सिंह, मंटू कुमार साहू, समलू बेदिया, बबलू राम व अजय भोगता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरहुल महोत्सव एवं रामनवमी मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** किचटो पंचायत के तरवां मे बुधवार को सरहुल महोत्सव एवं रामनवमी मिलन समारोह आयोजित किया गया। मौके पर समिति द्वारा मेला का आयोजन कराया गया। इस समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधी अंगद महतो एवं मेला समिति के संरक्षक सूरज महतो द्वारा संयुक्त रुप से फीता काट कर उद्धघाटन किया गया। मौके पर परंपरागत आयोजनों मे सामिल होने वाले ग्रामीणों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संरक्षक सूरज महतो ने परम्परागत तरीके से पर्व त्यौहार मानने पर ग्रामवासियों को शुभकामनाए दिया और जाति धर्म से ऊपर उठ कर हमे प्राकृतिक का संरक्षण करने पर जोर देने की जरूरत है। सभी समुदाय परम्परागत रीति रिवाज को स्थापित कर विरासत को बचाए रखे। इस दौरान रंगारंग लोक सांस्कृतिक आधारित नृत्य संगीत आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया गया। मौके पर जगदीश महतो, अनिल कु महतो, विकास कु महतो, छोटू राम, मदन महतो, लूटबरण महतो, राकेश कुमार, लालेस्वर कुमार, महेन्द्र गंझू, नीतेश कुमार सामिल थे।

### रामनवमी को लेकर निकली शोभायात्रा, गूंजा जय-जय श्री राम



**बेड़ो।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी को लेकर प्रखंड के तुको, डूमर दोन सहित प्रखंड मुख्यालय में आस्था,भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। हाथ में भगवा ध्वज के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण व युवाओं की टोली जब प्रखंड मुख्यालय में पहुंची तो पूरा बेड़ो जय जय श्री राम के जयघोष सेगूंज उठा। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों से वातावरण राममय था। सड़कें रामनवमी पताका से पटा था। रामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा रामनवमी पूजा के अवसर पर बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा में गांव से आये लाइसेंसी अखाड़ेधारियों के साथ श्रद्धालुओं ने रामनवमी झंडे, झांकी व अस्त्र-शस्त्र के बीच जय श्री राम के जयघोषों के साथ भव्य शोभायात्रा मुख्यालय के महावीर चौक, देवी मंडप चौक, बजरंग बली स्थान से झंडा मिलान करते हुए थानावली हनुमान मंदिर होते हुए महादानी मैदान पहुंचे। जहां मैदान में मेला लगाकर अखाड़ेधारियों ने अस्त्र शस्त्र चालन खेल में एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन कर लोगो को अचंभित कर दिया। वही अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। वही राम भक्तों के लिए स्थानीय समाज सेवियों द्वारा जगह जगह शिविर लगाकर चना,गुड़ व पानी पिलाकर राम भक्तों की सेवा किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी थी। इधर रामनवमी के अवसर पर लोगों ने विधि-विधान पूर्वक नव कन्या पूजन के साथ पूजा-अनुष्ठान कर घरों, देवालयों और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लगाया। शोभायात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारी चौकस रहे। साथ ही तुको व डूमरदोन गांव में भी रामनवमी शोभायात्रा व मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ प्रवीण चंद्र, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रामनारायण भगत ,भवानी शरण सिंह, धनंजय कुमार रॉय, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# ओरमांझी के रामनवमी मेले में उमेड़ रामभक्त

- रामनवमी हमारी धर्म संस्कृति से जोड़ती है
- आकर्षक झांकी को मिला नगद व पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा बाजार मैदान में ओरमांझी में झंडा मिलन सह भव्य रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न महावीर मंडलों द्वारा सनातन धर्म, संस्कृति व राष्ट्र भक्ति व शक्ति प्रदर्षित करती आकर्षक झांकियां लेकर मेला में पहुंचे थें। सीमा स्वंवर, मत्सय अवतर सहित श्रीराम के विभिन्न अवतार का भी प्रदर्षन किया गया। वहीं पूजा समिति द्वारा आकर्षक झांकी के लिए महावीर मंडलों को ट्राफी व मेमेंटो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं मेला मैदान के अखड़े में अस्त्र-षस्त्र चालन प्रदर्षन करने खिलाड़ियों को पुरस्कार मे तलवार प्रदान किया गया। इसके अलावे प्रथम, दुतीय व तृतीय के साथ झांकी लेकर मेला आने वाले सभी महावीर मंडलो को नगद राषि व तीन-तीन तलवार आदि मिला। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया और कहा वर्षो से पूजा समिति द्वारा रामनवमी व अन्य धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में धर्म संस्कृति से लोगों को जोड़ने का कार्य करती आ रही है। मेला में झांकी व जुलूस में युवाओं के साथ शामिल नारी शक्ति व बेटियों की सरहाना की और कहा रामनवमी हमें पुरूषोतम श्रीराम के चरित्र व आदर्षो को अपने जीवन में उतारने की सीख देती हैं। वहीं मेला का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने कहा पूजा समिति ओरमांझी द्वारा प्रत्येक वर्ष विषेष आकर्षक के साथ मेला आयोजन करती आ रही है। यहीं कारण है कि पुरे प्रखंड क्षेत्र से रामभक्त इस मेला में पहुचने व अपने खेल प्रर्षन करने को उत्साहित रहते हैं। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, जीप सदस्य सरिता देवी, थानाप्रभारी आलोक सिंह, बीडीओ विजय कुमार, सीओ नितिन षिवम गुप्ता, जैलेंद्र कुमार, जयगोविन्द साहू, नन्दगोपाल साहू, मानकी राजेंद्र साही, ललिता मेहता, बीना देवी, समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, दुगार्षंकर साहू, अजय सिंह, शंकर गुप्ता, सुरेष मेहता, कुंदन साहू, सत्यमराज कुषवाहा, भीम मुंडा, सुनील नायक, अषोक गुप्ता, षिवप्रसाद साहू, उमाशंकर साहू, शिवनारायण साहू, गोविन्द लाल गुप्ता, बालक पाहन, अमरनाथ चैधरी, प्रेमनाथ मुंडा, नंदकिषोर मुंडा, दिलिप मेहता, संतोष कुशवाहा, मिथलेश नारायण तिवारी, दीपक बडाईक, शिवनाथ मुंडा, ओमप्रकाष चंद्रवंषी, अंजित कुमार, रमेश उरांव, रामटहल महतो, उतम करमाली, अनुप महतो, कृतिकांत साहू, शत्रुधन साहू, सतीश बड़ाईक, रोहित साहू, राजकिषोर साहू, दीपक साहू, राजधाम साहू, शशि मेहता, मोतीलाल महतो, सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# राहे में उल्लास के साथ निकला झंडा जुलूस



**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को धूमधाम से उल्लास के साथ रामनवमी मनायी गयी। लोग बजरंगबली मंदिर सहित अपने घरों में पूजन के बाद बजरंगबली का झंडा उठाया। सोनाहातू बाजार टांड में व्यवसायी संघ द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। इधर राहे में भी शोभायात्रा भी निकाली गई। बजरंगबली कमिटि उपरटोली, राज क्लब धोबी टोली, पाठकडीह ओर नावागांव कमिटि वाले शोभायात्रा निकाले। सोलहआना परिसर राहे में युवको के द्वारा पाराम्परिक हथियार से करतब दिखाए। लाठी डंडे का खेल भी आकर्षक रहा। सोलह आना समिति के द्वारा सभी समितियों को तलवार और भाला पुरस्कार में दिये। जिप सदस्य के द्वारा युवकों को अंगवस्त्र दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी फैज रब्बानी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, भाजपा नेता विनय महतो धीरज, जगन्नाथ मुखर्जी, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, समिति के मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह,सुशांत सिंह, इंद्रजीत बैठा, राजेश बैठा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कांके व पिठोरिया में निकला भव्य जुलूस

**कांके।** प्रखंड के कांके व पिठोरिया में बुधवार श्री राम नवमी के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया.श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर के नेतृत्व में श्री हनुमान मंदिर लक्ष्मण चैक से पानीकल मुख्य अखाड़ा तक जुलूस निकाला गया। जिसमें पतरा टोली, सेमर टोली, सीआईपी, चुड़ी टोला, रिनपास वार्डर लेन, बीएयू कालेज गेट, शामिल हुए.महिला दस्ता युवाओं और पुरूषों के साथ -साथ पूरे उत्साह के साथ हाथों में अस्त्र शस्त्र लिए सम्मिलित हुई। इसमें श्री हनुमान, भगवान शिव और मां काली की जीवंत झांकी भी जुलूस में शामिल हुई वहीं क्षेत्र के बोड़ेया होचर अरसंडे पिठोरिया में भव्य जुलूस निकाला गया अखाड़ा में सभी मंडलियों के बच्चों युवतियों और युवाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया वही यूनिक ट्रेडिंग बाजार टाड के मोहम्मद मेराज नसीम अख्तर सलीम अंसारी विभिन्न अखाड़ा के लोगों को माला पहना कर व चना, शरबत पिलाकर उनका स्वागत भी किया प्रशासन की ओर से ड्रोन व वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

# अनगड़ा में रामनवमी का त्यौहार शान्तिपूर्ण सपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बुधवार को रामनवमी का त्यौहार शांति और सदभावपूर्ण वातावरण में भक्ति भाव से सम्पन्न हो गया। प्रखंड के चिलदाग सिमलिया लालगढ़ सालहन तुरूप हेसल मासू मंझला टोली बेड़वारी लूपूंग प्रेतोल लूपूंग जारा हेसल जारा सिरका इत्यादि गांवों से महावीरी झंडा और झांकी के साथ शोभा यात्रा गोन्दली पोखर चौंक स्थित मुख्य अखाड़ा स्थल पहुंची जबकि अनगड़ा सिरका नया टोली हाहे बैजनाथ टाटा जानूम राजाडे चन्द्रा टोली इत्यादि गांवों से शोभा यात्रा और झांकी प्रखड मुख्यालय मैदान अनगड़ा पहुंचे जहां दोनों महावीर मंडल समिति की पदधारियों और सदस्यों ने अलग अलग शोमायात्रा और शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों का भगवा पट्टा और पगड़ी भेंट कर स्वागत किया गया। दोनों जगहों पर रामभक्तों ने जमकर अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान बजरंगवली और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा साथ हीं महावीरी पताकों से पट गया। महावीर मंडल समिति गोन्दली पोखर और अनगड़ा की ओर से बेहतरीन अस्त्र शस्त्र चालन करने वाले और बेहतरीन झांकी का प्रदर्शन करने वाले महावीर मंडल समिति को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया मौके पर महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष ज्योतिष महतो पूर्व विधायक रामकुमार पहान, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, समाजसेवी और शिक्षाविद् डॉ रिझू नायक, डॉ अमर कुमार चौधरी, पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, मुखिया सरीता तिर्की, नीलकंठ चौधरी, नरेश साहु, विश्राम महतो ज्यादि ने उपस्थित होकर अपने बिचार रखे।

### अंजूमन कमेटी ने रामभक्तो के बीच चना फ्रूटी और मिनरल वाटर का वितरण किया



**अनगड़ा।** अंजूमन कमेटी हेसल के पदधारी एवं सदस्यों ने आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए गोन्दली पोखर के पास शिविर लगाकर रामनवमी शोभा यात्रा का स्वागत किया और रामभक्तो के बीच चना फ्रूटी और ठंढा मिनीरल वाटर का वितरण किया। इस काम में समाज सेवी मुस्तफा अन्सारी सिकन्दर अन्सारी सज्जाद अन्सारी इब्राहीम अन्सारी अन्सार अन्सारी अब्बास अन्सारी इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया

### इटकी में रामनवमी पर निकाली गयी विशाल और भव्य शोभायात्रा



**इटकी।** इटकी में रामनवमी का विशाल शोभायात्रा बुधवार को निकाली गई। महावीर मंडल इटकी के तत्वावधान में मुख्य महावीर मंदिर से निकली शोभायात्रा में हजारों राम भक्त महावीर झंडा के साथ शामिल हुए। इस दौरान महावीर झंडा के साथ जय श्री राम के गगनभेदी उदघोष से पूरा वातावरण गूंजता रहा।शोभायात्रा इटकी बाजार, गुलजार रोड से होते हुए मौसीबाड़ी मैदान पहुंची। जहां अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अखाड़ाधारियों ने हैरतअंगेज अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार बजरंग दल झिंझरी, द्वितीय पुरस्कार महावीर मंडल मकुंदा व तृतीय पुरस्कार महावीर मंडल ततकुंडो को दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य अखाड़ाधारियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, केंद्रीय हिन्दू जागरण समिति अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, उप प्रमुख परवेज आलम सहित अन्य ने किया। विधि व्यवस्था को लेकर इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मुश्तैद थे। शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों के लिए गुलजार रोड में इटकी टेंट हाउस के संचालक नैयर जमाल की ओर से शीतल पेय जल, मौसीबाड़ी में कृष्णा ज्वेलर्स व इटकी थाना के सौजन्य से पेय जल, चना व गुड़ का व्यवस्था किया गया था। शोभायात्रा में देवेंद्र महतो, अकील अहमद, सलीम अंसारी, बलराम गोप, कलीम अंसारी, संजय गोप, कमेश बर्मन, अजित केसरी, अमीन अंसारी, अबरार इमाम, भोला उरांव, अरविंद केसरी, अनिल तिवारी, अभय पांडे सहित मोरो, एकतानगर, मल्टी, तरगड़ी, कुंदी, बारडीह, रानीखटंगा, टटकुंदो, झिंझरी, सियारटोली सहित अन्य गांवों के अखाड़ाधारी शामिल थे। मौसीबाड़ी में लगे मेले में झूला, खिलौने, चाट फुचका, मिठाई का लोगों ने खूब आनंद लिया।

## कोयलांचल में राम जानकी के रूप में जगह जगह निकली शोभायात्रा

# खलारी कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के कोयलांचल क्षेत्र में राम नाम के धुन से पूरा गूँज उठा। क्षेत्र के मैक्लुस्कीगंज, नवाडीह, कोंनका, हेसालोंग, खलारी राम जानकी मंदिर, खलारी शाहिद चौक, पहाड़ी मंदिर, हिन्दू गड़ी चौक, डकरा मोहननगर सहित अन्य जगहों पर रामजन्म उत्सव मनाया गया। क्षेत्र के रामजानकी मंदिर के पास रामनवमी के अवसर मेला लगा। बताया जाता है कि खलारी थाना क्षेत्र प्रत्येक गांवों से बजरंगी झंडा का मिलान किया जाता है। इसी तरह मैक्लुस्कीगंज के लपरा शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी सह चैती दूर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि समाज सेवी सुरेंद्र नाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि लपरा मुखिया पुतुल देवी, एएसआई दिनेश कुमार मंडल, भोला साव, जितेंद्र पाण्डेय, मनोज गिरि, पशुपति नाथ सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मेला में आसपास के देवी मंडप लपरा, हरहु, गरतुआ, महुआ टांड़, चीना टांड़, कोनका, विकास नगर, बछत पतरा, चट्टीनदी सहित अन्य जगहों के आखाडा धारी जूलूस की शक्ल में बाजे गाजे के साथ मेला स्थल पहुंचे। इस बीच अखाड़ाधारीयो व श्रद्धालुओं के जय श्री राम के गगनभेदी नारो से वातावरण गुंजायमान रहा। अखाड़ो से झंडे लेकर शिव मंदिर प्रांगण पहुचने पर उनका स्वागत लपरा पूजा समिति के द्वारा किया गया। अखाड़े में लोगो ने जमकर लाठी, तलवार एवं अन्य खेलों का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में खेल का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो एवं सबसे ऊंचा झंडा लेकर आने वाले अखाड़ा को पुरस्कृत किया। मेला को सुचारू रूप से संचालित करने में समिति के रूपेश चौरसिया, अमित सिंह, आशीष सिन्हा, रमेश गुप्ता,आशीष रंजन प्रदीप यादव, गौरव पांडेय, अविनाश पांडेय, सुबोध रजक, जयप्रकाश यादव, सहित अन्य लोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

AFFIDAVIT

I, Mohammed Abunasar Alam S/o- Mohammed Irshad Alam, R/o- Near Petrol Pump, Tirbinda Chowk, VTC: Itki, P.O- Itki, Dist- Ranchi-835301, Jharkhand have changed my name from Mohammed Abunasar Alam to Abunasar Alam for all purpsoes. Affidavit No.- 75.
Dated- 23.01.2024.

